Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Vijay Diwas Celebrated at CUH

Newspaper: Amar Ujala **Date:** 17-12-2021

हकेंवि में वेबिनार में दीप प्रज्वलित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

हकेंवि में मनाया विजय दिवस

महेंद्रगढ़। 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय की 50वीं वर्षगांठ उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कुलपति ने 1971 की विजय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणाम स्वरूप ही बांग्लादेश बना। इस अवसर पर कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी मौजूद रहे। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 17-12-2021**

हकेवि में मनाया गया विजय दिवस

महेंद्रगढ़ | 16 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय की 50वीं वर्षगांठ उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विजय दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्या वीरता स्थल पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 17-12-2021**

मनाया गया विजय दिवस

दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते कुलपति टंकेश्वर कुमार • साभार हकेंविवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्या वीरता स्थल पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कुलपति ने इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 1971 की विजय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणाम स्वरूप ही बंगलादेश बना। कुलपति ने इस जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के बलिदान को याद किया और नमन किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Tribune **Date: 17-12-2021**

महेन्द्रगढ़ (निस) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय में स्थित विद्यावीरता स्थल पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 17-12-2021**

महेंद्रगढ़। सीयू में विजय दिवस मनाते

हकेंवि में मनाया गया विजय दिवस, कुलपति ने किए पुष्प अर्पित

महेंद्रगढ़। पाकिस्तान पर मिली विजय की 50वीं वर्षगांठ उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्यावीरता स्थल पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। कुलपति ने इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 1971 की विजय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणाम स्वरूप ही बंगलादेश बना।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 17-12-2021**

हकेंवि में मनाया विजय दिवस, कुलपति ने विद्यावीरता स्थल पर किए पुष्प अर्पित

दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते कुलपति टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़(परमजीत, मोहन): 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड 3 में स्थित विद्यावीरता स्थल पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कुलपति ने इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 1971 की विजय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणामस्वरूप ही बंगलादेश बना। कुलपति ने इस जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के बलिदान का याद किया और नमन किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।